## न्यूज डायरी



### सहमे पाकिस्तान ने फिर जताया डर, भारत कर सकता है कार्रवाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान फिर तनाव में है। उसे लगता है कि भारत अगले कुछ दिनों में बड़ी कार्रवाई कर सकता है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता आएशा फारूकी ने बकायदा प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा इमरान खान सरकार को इस तरह का डर है। हालांकि इसका ठोस कारण वो नहीं बता सकीं। फारूकी ने कहा कि तुर्की के राष्ट्रपति रिसेप तैयप एर्दोगान पाकिस्तान के दौरे पर हैं, इस दौरान भारत ऐगैर जिम्मेदारानाश कार्रवाई कर सकता है। पाक प्रवक्ता ने धमकी भी दे डाली। फारूकी ने कहा कि अगर भारत सरकार ने इस तरह की कोई कार्रवाई की तो पाकिस्तान इसका माकूल जवाब देगा। उन्होंने कहा कि तुर्की कश्मीर के मुद्दे पर पाकिस्तान के स्टैंड का समर्थन करता है, ये भारत को हजम नहीं हो रहा। फारूकी ने भारत से एक और डर का खुलासा किया। ये अमेरिका के साथ एयर डिफेंस सिस्टम पर होने वाली डील से है।

### यात्री वीजा पर दुबई गए भारतीय ने की पत्नी की हत्या

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। यात्री वीजा पर दुबई आए एक भारतीय व्यक्ति ने विश्वासघात के संदेह में अपनी पत्नी की उसके कार्यालय के बाहर चाकू मार कर हत्या कर दी। खलीज टाइम्स की खबर के मुताबिक 44 वर्षीय व्यक्ति ने चाकू मारकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। उसे संदेह था कि पत्नी उसे धोखा दे रही है। लोक अभियोजक के रिकॉर्ड के मुताबिक हत्या के आरोप का सामना कर रहा व्यक्ति पिछले वर्ष नौ सितंबर को पत्नी के कार्यस्थल अल क्यूओज औद्योगिक इलाके में गया था। वहां दोनों के बीच महिला के बॉस के एक मैसेज को लेकर कहासुनी हुई। इस दौरान व्यक्ति ने उसे चाकू घोंप दिया और फरार हो गया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले की सुनवाई दो मार्च तक जारी रहेगी।

### एक साल बाद घर लौटी अंतरिक्ष यात्री, खुशी से उछलने लगा डॉगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। ऐस्ट्रोनॉट्स यानी अंतरिक्ष यात्रियों का काम जितना शानदार और रोमांचक होता है, कई बार उन्हें उसका उतना ही नुकसान भी उठाना पड़ता है। महीनों और कई बार सालों तक घर से दूर रहना होता है। ऐसी ही एक अंतरिक्ष यात्री जब एक साल बाद अपने घर वापस आईं, तो उनको देखकर उनके डॉगी की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सोशल मीडिया पर ऐसा एक विडियो खूब वायरल हो रहा है। नासा की ऐस्ट्रोनॉट क्रिस्टीना कोच जब करीब एक साल बाद अपने घर पहुंचीं तो उन्हें देखते ही उनका डॉगी उछलने लगा और उन्हें चूमने लगा। क्रिस्टीना ने विडियो शेयर करते हुए लिखा, श्पता नहीं कौन ज्यादा उत्साहित था। खुशी है कि मैं उसे एक साल बाद भी याद हूं। क्रिस्टीना के विडियो पर नासा ने भी रिप्लाई किया है। उनके इस विडियो को अब तक करीब 30 लाख बार देखा चुका है। विडियो पर खबर लिखे जाने तक 14 हजार रीट्वीट और 1 लाख 4 हजार लाइक्स थे।

### राष्ट्रपति की फोन पर होने वाली बातचीत सुनने पर रोक लगा सकते हैं ट्रंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह उस चलन पर रोक लगा सकते हैं जिसमें राष्ट्रपति की विदेशी नेताओं के साथ फोन पर होने वाली बातचीत प्रशासनिक अधिकारियों को सुनने की इजाजत होती है। दरअसल जुलाई में यूक्रेन के राष्ट्रपति के साथ फोन पर बातचीत के बाद ही ट्रंप के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही शुरू हुई थी। उनकी यूक्रेन के राष्ट्रपति से पिछले वर्ष 25 जुलाई को हुई बातचीत विदेश मंत्री माइक पोम्पियो और व्हाइट हाउस के कर्मचारियों ने सुनी थी। ट्रंप ने गेराल्डो रिवेरा को दिए रेडियो साक्षात्कार में कहा, ''मैं उस परंपरा को पूरी तरह से खत्म कर सकता हूं।'' यह साक्षात्कार गुरुवार को प्रसारित हुआ। अपने खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही के बारे में ट्रंप ने कहा, ''मेरे खिलाफ बिना किसी वजह के महाभियोग चलाया गया, यह पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण था।''

# 70 साल पुराना निजाम फंड केस पाक को हरा करोड़ों रुपये जीता भारत

**जीत**

## 70 साल पुराने निजाम फंड केस में भारत को 325 करोड़ रुपये मिले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। हैदराबाद के निजाम के पैसों से जुड़े एक 70 साल पुराने मामले में आखिरकार अब फैसला आ गया है। लंदन के एक बैंक में करीब 7 दशक से कई सौ करोड़ रुपये फंसे हुए थे। अब ब्रिटेन में भारतीय दूतावास को लाखों पाउंड अपने हिस्से के तौर पर मिले हैं। इसके अलावा पाकिस्तान को भी भारत को 26 करोड़ रुपये देने पड़े हैं। यह रकम भारत द्वारा इस केस को लड़ने में खर्च पैसे का 65 फीसदी है।

लंदन में भारत सरकार के अधिकारियों ने हमारे सहयोगी टाइम्स ऑफ इंडिया से गुरुवार को इस बारे में बात की। अधिकारियों ने बताया कि ब्रिटेन में हाई कमीशन को 35 मिलियन पाउंड (325 करोड़ रुपये) अपने हिस्से के तौर पर मिले हैं। यह रकम 20 सितंबर 1948 से नैशनल वेस्टमिंस्टर बैंक अकाउंट में फंसा हुआ था। पाकिस्तान ने भी इस पैसे पर अपना दावा किया था।

**भारत को मिली कानूनी खर्चे पर आई रकमः** पिछले साल अक्टूबर में हाई कोर्ट ने भारत और मुकर्रम जाह (हैदराबाद के 8वें निजाम) के पक्ष में फैसला सुनाया था। मुकर्रम और उनके छोटे भाई मुफ्फखम जाह पाकिस्तान के खिलाफ लंदन हाई कोर्ट में पिछले 6 साल से यह मुकदमा लड़ रहे हैं। बैंक ने पहले ही यह पैसा कोर्ट को ट्रांसफर कर दिया था। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान ने भी भारत सरकार को 2.8 मिलियन (करीब 26 करोड़ रुपये) चुकाए हैं। यह भारत द्वारा लंदन हाई कोर्ट में इस केस पर आए खर्च की 65 फीसदी लागत है।

बाकी बची हुई लागत जो भारत ने खुद भरी है, उस पर अभी बातचीत चल रही है। लंदन में एक डिप्लोमेट ने टाइम्स ऑफ इंडिया से कहा, खबर है कि पाकिस्तान ने पूरा पैसा चुका दिया है।



8वें निजाम के वकील ने टीओआई के साथ बातचीत में पुष्टि करते हुए बताया कि उनके क्लाइंट अपने हिस्से का पैसा और केस को लड़ने में लगा 65 फीसदी खर्च भी मिल गया है। बता दें कि भारत के मिले 35 मिलियन (325 करोड़ रुपये) काफी बड़ी रकम मानी जा रही है। अब यह पैसा नई दिल्ली को भेज दिया जाएगा।

**क्या है 70 साल पुराना मामला?** 70 साल पुराना विवाद 1 मिलियन पाउंड और 1 गिन्नी का है जो 20 सितंबर, 1948 को हैदराबाद सरकार को तत्कालीन वित्त मंत्री मॉइन नवाज जंग ने भेजा। इसके बाद यह पैसा हैदराबाद राज्य के तत्कालीन वित्त मंत्री ने ब्रिटेन में तत्कालीन पाक हाई कमिश्नर हबीब इब्राहिम रहीमटूला को ट्रांसफर हुई।

यह वाकया हैदाराबाद राज्य को अपने कब्जे में लेने के समय हुआ। तब से अब तक यह रकम बढ़कर 35 मिलियन पाउंड हो गई है। भारत ने इस पैसे पर यह कहते हुए दावा किया कि 1965 में निजाम ने यह पैसा भारत को दिया था।

## दुबई में कॉरोना से 8 लोग संक्रमित भारतीय मरीज की हालत स्थिर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

36 वर्षीय भारतीय नागरिक की हालत स्थिर

दुबई। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में घातक कॉरोना वायरस से संक्रमित 36 वर्षीय भारतीय नागरिक की हालत स्थिर है। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई है। भारतीय नागरिक के 10 फरवरी को कॉरोना वायरस से संक्रमित होने का पता चला था। इसी के साथ यूएई में कोरोना वायरस के आठ मामलों की पुष्टि हो गई।

गल्फ न्यूज के मुताबिक भारतीय दूतावास के अधिकारी ने बताया कि भारतवंशी संक्रमित 36 वर्षीय पुरुष है। अधिकारी ने बताया, वह यूएई में रहता है। लेकिन अधिकारी ने यह नहीं बताया कि क्या वह कभी चीन गया है क्या नहीं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को बताया था कि भारतीय नागरिक कॉरोना वायरस से संक्रमित पाया गया है।

यह यूएई में इस संक्रमण का नया मामला है। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि कॉरोना वायरस के मामलों में एक को छोड़कर सभी की हालत स्थिर है। एक मरीज को आईसीयू में वरिष्ठ डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। दूतावास ने यह नहीं बताया कि भारतीय नागरिक किस राज्य से ताल्लुक रखता है।



### कोरोना वायरसः चीन में अब तक 6 हेल्थकर्मियों की मौत, 1716 चपेट में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चीन में कोरोना वायरस से अब तक छह स्वास्थ्यकर्मियों की मौत हो चुकी है और 1,700 से अधिक इससे संक्रमित हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ये आंकड़े उस भयानक स्थिति को दिखाते हैं जिसमें चिकित्सक और नर्सें मास्क और सुरक्षा उपकरणों के बिना वहां दिन रात काम में लगे हुए हैं। जानलेवा कॉरोना वायरस का आतंक जारी है और अब तक चीन में इसने 1,367 लोगों की जान ले ली है। वहीं 45,000 से ज्यादा इस वायरस से संक्रमित हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग में उप मंत्री जेंग यीजिंग ने संवाददाताओं से कहा कि देश में मंगलवार तक 1716 स्वास्थ्यकर्मी संक्रमित हैं।

## सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय ने बेवजह बहुत परेशान किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

माल्या अभी भी कर्ज चुकाने को तैयार

लंदन। शराब कारोबारी विजय माल्या ने दावा किया है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पिछले चार साल में उसके साथ अनुचित बर्ताव किया है। किंगफिशर एयरलाइन्स के पूर्व बॉस माल्या (64) 9000 करोड़ रुपये के कथित धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में भारत के प्रत्यर्पण के आदेश के खिलाफ अपील कर रहा है। माल्या के वकीलों ने इस सप्ताह ब्रिटिश हाई कोर्ट में कहा कि वह विमानन उद्योग पर आई विपत्ति का शिकार रहा है और एयरलाइन, जो अब बंद हो चुकी है, के लिए कर्ज मांगने के पीछे उसका कोई छल–कपट का इरादा नहीं था।

**मैंने पीएमएलए के तहत कोई अपराध नहीं किया हैः** भारतीय अधिकारियों की ओर से पक्ष रख रही क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस (सीपीएस) ने दावों का खंडन करते हुए कहा कि माल्या के खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला बनता है जिसमें उसे भारत की अदालतों में जवाब देना है।

माल्या ने गुरुवार को लंदन में रॉयल कोर्ट ऑफ जस्टिस में तीन दिन से अपील पर चल रही सुनवाई के अंत में संवाददाताओं से कहा, प्रवर्तन निदेशालय ने बैंकों की शिकायत पर संपत्तियों को कुर्क कर लिया कि मैं उनका भुगतान नहीं कर रहा। मैंने पीएमएलए के तहत ऐसा कोई अपराध नहीं किया है कि प्रवर्तन निदेशालय स्वतरू संज्ञान लेते हुए मेरी संपत्तियों को कुर्क कर ले।

**बैंक और ईडी आपस में झगड़ रहे हैंः** माल्या ने कहा, श्मैं कह रहा हूं कि बैंक कृपया अपना पैसा वापस लें। ईडी कह रही है, नहीं, हमारा इन संपत्तियों पर दावा है। इसलिए एक तरफ ईडी और दूसरी तरफ बैंक एक ही संपत्ति पर लड़ रही हैं। वे मेरे साथ चार साल से जो कर रहे हैं, वो पूरी तरह अनुचित है। इस सप्ताह ईडी और सीबीआई के प्रतिनिधि अदालत में उपस्थित थे।

### धरती पर तेजी से आ रहा ऐस्ट्रॉयड बुर्ज खलीफा जितना साइजः नासा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकन स्पेस एजेंसी ने नासा ने धरती की तरफ तेजी से बढ़ रहे एक विशालकाय ऐस्ट्रॉयड की पुष्टि की है। बुर्ज खलीफा के साइज का यह ऐस्ट्रॉयड पृथ्वी की तरफ 55,000 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। नासा के सेंटर फॉर नियर अर्थ ऑब्जेक्ट (सीएनईओएस) के मुताबिक, यह बेहद खतरनाक ऐस्ट्रॉयड शनिवार को शाम 5 बजे (भारतीय समयानुसार) धरती के रास्ते में आएगा। नासा ने एक बयान जारी कर कहा, ऐसे ऐस्ट्रॉयडों को हम पोटेंशली हजार्डस ऐस्ट्रॉयड (पीएचए) मानते हैं, जिनके धरती से टकराने या उसके पास से गुजरने की आशंका होती है। दुबई की बुर्ज खलीफा इमारत के साइज का यह ऐस्ट्रॉयड हमारी पृथ्वी के 57 लाख किलोमीटर दूर से गुजरेगा। किसी ऐस्ट्रॉयड के धरती के पास से गुजरने की खबरों ने आम लोगों में भी डर पैदा कर दिया। एक यूजर ने ट्विटर पर नासा को टैग कर पूछा, श्नासा, क्या आप इस ऐस्ट्रॉयड के टकराने या न टकराने की पुष्टि कर सकते हैं? ऐस्ट्रॉयड वॉच नाम के एक अकाउंट ने रिप्लाई किया, ये खबरें गलत हैं।